# रॉ शुगर पर शुल्क बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सरकार रॉ शुगर पर आयात शुल्क बढ़ाने पर विचार कर रही है। कुछ हफ्तों में इस पर फैसला किया जा सकता है। चीनी उद्योग को नियंत्रण मुक्त की रंगराजन समिति की सिफारिशों पर भी सरकार जल्द फैसला लेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री केवी थॉमस ने कहा है कि समिति की सिफारिशों को लागू करने की समय सीमा तय करने पर विचार चल रहा है।

बुधवार को सहकारी चीनी मिलों के राष्ट्रीय परिसंघ की वार्षिक सभा में खाद्य मंत्री ने कहा कि सरकार रंगराजन समिति की सिफारिशों को लेकर गंभीर है। चीनी उद्योग को नियंत्रण मुक्त करने की दिशा में सरकार चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगी। उद्योग जगत की ओर से चीनी पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वित्त मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श चल रहा है और इस बारे में जल्द ही कोई फैसला किया जाएगा।

इस मौके पर एनएफसीएसएफ के अध्यक्ष जयंतीलाल बी. पटेल ने चीनी उद्योग को नियंत्रण मुक्त करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इससे मिलों की क्षमता बढ़ेगी, जिसका फायदा किसानों और उपभोक्ताओं को भी पहुंचेगा। पटेल के अनुसार, इस साल करीब 245 लाख टन चीनी का उत्पादन होने का अनुमान है, जो घरेलू खपत से काफी ज्यादा है। देश में चीनी के बढ़ते उत्पादन के लिए उन्होंने सहकारी चीनी मिलों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।